कार्यालय प्राचार्य,
# शासकीय महाविद्यालय,बरपाली जिला-कोरबा छ0ग0
Website : www.govtcollegebarpali.in/E- mail ID : col-barpali.cg@gov.in
govtcollegebarpali3107@gmail.com नैक द्वारा "सी" ग्रेड मूल्यांकित
College Code No. 3107

क्र./ 157 /स्था./2025 बरपाली,दिनांक 26.07.2025

## // अतिथि क्रीडाधिकारी /क्रीडा सहायक हेतु संक्षिप्त विज्ञापन//

विज्ञापन दिनांक – 26.07.2025

शासकीय महाविद्यालय बरपाली जिला–कोरबा छ0ग0 के क्रीडाधिकारी के रिक्त पदों के विरूद्ध खेल कूद व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि क्रीडाधिकारी /क्रीडा सहायक हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदक अपने समस्त प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन दिनांक 11.08.2025 को सायं 05:00 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें।) प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जायेगा।

नोट :– विस्तृत विज्ञापन संस्था के नोटिस बोर्ड एवं महाविद्यालय के वेब साईट www.govtcollegebarpali.in में अपलोड किया गया है। जिससे विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

26/7/25
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय बरपाली
जिला–कोरबा (छ.ग.)

PRINCIPAL
GOVT. COLLEGE, BARPALI
Distt. - KORBA (C. G.)

कार्यालय प्राचार्य,
# शासकीय महाविद्यालय,बरपाली जिला-कोरबा छ0ग0
Website : www.govtcollegebarpali.in/E- mail ID : col-barpali.cg@gov.in
govtcollegebarpali3107@gmail.com नैक द्वारा "सी" ग्रेड मूल्यांकित
Mob :- 9589341000 College Code No. 3107

क्र./ 158 /स्था./2025 बरपाली,दिनांक 26.07.2025

## //अतिथि व्याख्याता एवं अन्य हेतु विस्तृत विज्ञापन//

कार्यालय आयुक्त, उ.शि. संचालनालय रायपुर का पत्र क्रमांक 289/01/आउशि/राज.स्था./2025 नवा रायपुर दिनांक 23.07.2025 एवं छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय का पत्र क्रमांक File No:ESTB-1027/1216/2025/38-1नवा रायपुर अटल नगर,दिनांक 23.07.2025 के अनुसार शासकीय महाविद्यालय बरपाली जिला–कोरबा छ.ग. में अतिथि क्रीड़ाधिकारी हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि क्रीडाधिकारी/क्रीडा सहायक हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदक अपने समस्त प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन दिनांक 11.08.2025 को सायं 05:00 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें।) प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जायेगा।

**आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य अर्हता :–**

01. अतिथि क्रीडा अधिकारियों को कार्य करने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में शिक्षकों और अन्य शैक्षणिक कर्मचारी की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हताएं तथा उच्चतर शिक्षा में मानको के रख रखाव हेतु अन्य उपाय) संबंधी विनियम 2018 के प्रावधानों के अनुरूप होगी। इस व्यवस्था के अंतर्गत अतिथि शिक्षण सहायक/ग्रंथपाल सहायक/क्रीडा सहायक के लिये स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक होने चाहिए परन्तु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांगजन अभ्यार्थियों के लिये स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए।
02. आयु सीमा :– अतिथि क्रीडा अधिकारी/क्रीडा सहायक अधिकतम 62 वर्ष तक।
03. छत्तीसगढ के मूल निवासी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।

विषय/पद का विवरण :–

| क्रमांक | पदनाम | रिक्त पद एवं संख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्राध्यापक | सह.प्राध्यापक | सहा. प्राध्यापक | ग्रंथपाल | क्रीडाधिकारी |
| 01 | क्रीडाधिकारी | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |

**टीप** :– संबंधित विषयों में नवीन नियुक्ति/नियमित पदस्थापना या स्थानांतरण के फलस्वरूप पद भर जाने पर उक्त पद के विरूद्ध कार्यरत अतिथि क्रीडा अधिकारी/क्रीडा सहायक एवं अन्य की सेवाएं स्वतः समाप्त हो जायेगी।

शर्तें :–

01. आवेदन के साथ मूल निवासी प्रमाण पत्र, 10 वी, 12 वी, स्नातक, स्नातकोत्तर, सेट/नेट, एम फिल, पी.एच.डी. अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें।
02. दिनांक 11.08.2025 तक कार्यालयीन समय में 05:00 बजे तक डाक के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं, प्राप्त आवेदनों को ही गुणानुक्रम सूची में शामिल किया जावेगा। ईमेल से भेजे गये आवेदनों को मान्य नही किया जावेगा। वर्तमान में आफलाईन अथवा डाक के माध्यम से आवेदन स्वीकार किये जा रहें है। भविष्य में आवेदन स्वीकार करने की इस प्रक्रिया में ऑनलाईन पोर्टल तैयार होने पर आवश्यकतानुसार परिवर्तन संभावित होगा।
03. अंतिम तिथि तक महाविद्यालय में प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार मेरिट सूची तैयार की जावेगी।
04. प्राप्त आवेदनों की पदवार अनंतिम मेरिट सूची का प्रकाशन दिनांक 18.08.2025 को महाविद्यालय के सूचना पटल व वेटसाईट www.govtcollegebarpali.in में विस्तृत विवरण भी अपलोड किया जायेगा।
05. गुणानुक्रम अनुसार अनंतिम सूची में दावा आपत्ति की तिथि 20.08.2025 तक होगी।
06. अंतिम सूची का प्रकाशन दिनांक 22.08.2025 को किया जावेगा जिसका अवलोकन महाविद्यालय का वेबसाईट तथा सूचना पटल में किया जायेगा।
07. आमंत्रित अभ्यर्थियों को कार्यभार ग्रहण करने के समय इस आशय का शपथ पत्र देना होगा की संबंधित के विरूद्ध पुलिस/न्यायालय में कोई अपराधिक प्रकरण विचाराधीन नही है। साथ ही अभ्यार्थी किसी अन्य शासकीय/अर्धशासकीय सेवा में नही है एवं पूर्व में किसी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में शिकायत/कार्य संतोषजनक नही पाये जाने के आधार पर अभ्यार्थी की सेवाएं समाप्त नही की गई है।
08. आवेदन उपरांत संबंधित आमंत्रित चयनित अभ्यार्थी यदि समय–सीमा में कर्तव्य स्थल पर उपस्थित नही होता है, तो उसे उस दशा में अगले चरणों में सम्मिलित नही किया जायेगा।
09. अतिथि क्रीडा अधिकारी/क्रीडा सहायक एवं अन्य की सेवाएं भविष्य में नियमितीकरण का आधार नही होगा।
10. आवेदक बंद लिफाफे के ऊपर पत्राचार का पता प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय बरपाली जिला–कोरबा छ.ग. पिन नंबर 495674 एवं आवेदित विषय/पद आवश्यक रूप से लिखें।
11. इस विज्ञापन के तहत् व्यवस्था किये गये अतिथि व्याख्याता एवं अन्य को महाविद्यालयीन स्थापना के अंतर्गत नही माना जायेगा और वे लोक–सेवक की विधि विहित परिभाषा के अंतर्गत लोक सेवक नही कहलायेंगे।
12. संस्थान में इस व्यवस्था के अंतर्गत कार्यरत, यदि लगातार 15 दिवस तक अनुपस्थित रहता है तो उनकी व्यवस्था स्वतः समाप्त हो जायेगी, जिसकी कार्यवाही संबंधित संस्था प्रमुख द्वारा की जावेगी।
13. इन्हें सर्वत्र अनुशासन बनाये रखाना होगा तथा संस्था प्रमुख के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।
14. कक्षाओं के संचालन के साथ–साथ संस्था प्रमुख के निर्देशानुसार अध्यापन के अतिरिक्त कार्य तथा प्रवेश, परीक्षा, छात्र संघ चुनाव, योजनाओं का संचालन, साहित्यक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्रीडा गतिविधियां, युवा उत्सव, आंतरिक परीक्षाओं का संचालन एवं मूल्यांकन,नैक मूल्यांकन संबंधी कार्यों में सहयोग प्रदान करेंगे।
15. यदि कार्य अवधि के शैक्षणिक सत्र में इनकी अध्यापन कार्य संबंधी अथवा अन्य शिकायतें प्राप्त होती है तो सेवाएं तत्काल समाप्त की जा सकेगी तथा वे आगामी शैक्षणिक सत्रों में अध्यापन कार्य हेतु पात्र नही होंगे।

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय बरपाली
जिला–कोरबा (छ.ग.)

PRINCIPAL,
GOVT. COLLEGE, BARPALI
Distt. - KORBA (C. G.)